>

Title: Need to allocate reservation quota for OBCs in Maharashtra.

**श्री हंसराज गं. अहीर (चन्द्रपुर):** सभापति महोदय, मैं धन्यवाद देता हूं कि महाराष्ट्र में ओबीसी यानी अन्य पिछड़ी जाति के लिए जो आरक्षण प्रणाली देश में अपनाई गई थी, उसमें हमें 33 प्रतिशत आरक्षण देना है। महाराष्ट्र ने इस नीति को अपनाया था लेकिन महाराष्ट्र में तीन जगहों पर जो मेरा चुनाव क्षेत्र है- चन्द्रपुर और यावतमाल में, वहां पर इसका प्रतिशत कम किया गया है और साथ में गड़चिरोली भी है। यहां छः प्रतिशत, 11 प्रतिशत और 14 प्रतिशत आरक्षण किया गया है। कुल मिलाकर तीन जिलों में 17, 22 और 11 परसेंट आरक्षण है।

मैं आपके माध्यम से केंद्र सरकार से मांग करता हूं कि केंद्र सरकार राज्य सरकार को सूचित करे कि महाराष्ट्र में इन तीन जिलों में आरक्षण कम किया गया है और अन्य पिछड़ा जाति वर्ग पर अन्याय हो रहा है। इससे विद्यार्थियों और नौकरी पाने वालों को तकलीफ हो रही है। मेरी मांग है कि उन्हें अधिकार मिले। केंद्र सरकार चाहे तो वहां अन्य पिछड़ा जाति आयोग के अधिकारी भेजकर जांच करके निर्देश दिया जाए ताकि 27 परसेंट आरक्षण लागू किया जाए।